समाचार

# राजस्व वसूली अभियान

## 19 जनवरी को इन वार्डो में लगेंगे राजस्व वसूली शिविर




कोरबा 18 जनवरी 2021– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व वसूली हेतु वार्डो में लगाए जा रहे शिविरों के तहत मंगलवार 19 जनवरी को वार्ड क्र. 01 दुर्गा चौक पटेलपारा, वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 23 आंगनबाड़ी केन्द्र क्र.–2 कृष्णानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 अमरसिंह होटल के पास सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 43 जयभगवान गली दर्री, वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 63 मड़वाढोड़ा सामुदायिक भवन में शिविर लगाए जाएंगे। 18 जनवरी सोमवार से प्रारंभ किए गए राजस्व वसूली शिविरों की कड़ी में प्रथम दिन आज 07 वार्डो में शिविरों का आयोजन किया गया तथा शिविर के प्रथम दिन आज 08 लाख 34 हजार रूपये की राजस्व की वसूली की गई।

फोटो क्रमांक– 4